तकनीकी विवि के वीसी को सम्मानित करते जेबीआईटी के वाइस चेयरमैन। संवाद

'अच्छे इंजीनियर तैयार करने पर संस्थानों को करना चाहिए काम'

संवाद न्यूज एजेंसी

जेबी इंस्टीट्यूट में 21 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन

सहसपुर। जेबी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में तीन सप्ताह से चल रहे इंडक्शन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने अतिथियों को सम्मानित भी किया।

तीन सप्ताह से चल रहे कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने कहा की नई शिक्षा नीति में हर कोर्स के छात्र-छात्राओं के लिए बहुत कुछ कर गुजरने की संभावनाएं पैदा कर दी हैं। देश की तकनीकी जरूरतों के मुताबिक अच्छे इंजीनियर तैयार करने पर संस्थानों को काम करना चाहिए। नई शिक्षा नीति से ज्ञान अर्जित करके छात्र-छात्राओं को अपना भविष्य चुनने में आसानी रहेगी। संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने कुलपति को अंग वस्त्र व पुस्तक भेंट करके सम्मानित किया। प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।